राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

## राज्यपाल ने किसान के नवाचार की सराहना की

जयपुर, 09 जून, राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कोटा के प्रगतिशील किसान श्री ताराचंद गोयल के नवाचार की सराहना की है।

राज्यपाल ने श्री गोयल को उनके द्वारा किये गए नवाचार के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि कोविड–19 संकट काल तो है ही, लेकिन इस परेशानी के समय में किसान श्री ताराचंद गोयल ने धीरज का परिचय देकर कृषि में नई सोच विकसित की है। श्री मिश्र ने कहा कि श्री गोयल कृषि में नवचार कर प्रदेश के किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गये हैं।

उल्लेखनीय है कि लॉक डाउन में जब किसान के फूल नही बिके तो किसान श्री गोयल ने खेत में ही इन फूलों से जैविक गुलाल तैयार कर दी।

——

## राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 09 जून, राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बीकानेर (पूर्व) की विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी की मां श्रीमती पद्माकुमारी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

——

**डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा**
**सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल**